This question paper contains **3** printed pages]

JO—313—2023

FACULTY OF ARTS

M.A. (Second Year) (Fourth Semester) EXAMINATION

NOVEMBER/DECEMBER, 2023

(New/CBCS Pattern)

HINDI

Paper-XVI (भाग-2)

(हिंदी नवविमर्श एवं साहित्य)

(Wednesday, 13-12-2023) **Time : 2.00 p.m. to 5.00 p.m.**

Time—3 Hours *Maximum Marks—75*

N.B. :— (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) दाहिनी ओर प्रश्नों के पूर्णांक दिए गये हैं।

1. ससंदर्भ व्याख्या कीजिये :

(अ) 'मेमसाहब ये हैं विश्वनाथ मंदिर के पंडे, शहर के सर्वश्रेष्ठ रईसों में से एक! सचमुच मेरा मुँह आश्चर्य से खुल गया, धर्म का यह कैसा रूप है, जहाँ बाहर भिखारियों की भीड़ बढ़ रही है। अंदर पुजारी पनप रहा है।' 10

अथवा

'भूलते क्यों नहीं कीलों से चुभते प्रसंग। क्यों घुमड़ आते हैं तेरी स्मृतियों के कन्धों पर दुबके। तेरी स्मृतियाँ जो मेरी सांसों में घुली हुई हैं बा ! उन्हें अपने से अलग करूँ तो कैसे अलग करूँ।'

(ब) ''यार, स्पंदन, ये तुम्हारी समस्या तो लड़कियों की समस्या से मिलती-जुलती है! मिठबोले लोगों की आम समस्या है यह ! पर यह पलायन कब तक चलेगा।'' 10

P.T.O.

696BD7FFAEACFB8579E69A46985B38AA

अथवा

''लिंग दोषी सभी लिंग से स्त्री-पुरुष नहीं हैं तो क्या मनुष्य नहीं हैं ? पेशाब भी करते हैं, पाखाने भी जाते हैं। हाँ, उन सबकी तरह वीर्य नहीं उगल सकते। मैथुन नहीं कर सकते। इसका मतलब यह नहीं, ये मनुष्य नहीं हैं ?''

2. 'लगता नहीं है दिल मेरा' में लेखिका का दैहिक शोषण किस प्रकार हुआ है ? समझाइये। 20

अथवा

'नाला सोपारा' में व्यक्त बा की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिये।

3. टिप्पणियाँ लिखिये :

(अ) 'तिनका तिनके पास' शीर्षक की सार्थकता। 10

अथवा

'लगता नहीं है दिल मेरा' में चित्रित लेखिका के पिता।

(ब) 'नाला सोपारा' की पूनम जोशी। 10

अथवा

'लगता नहीं है दिल मेरा' में व्यक्त लेखकों की अकादमिक राजनीति।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिये : 5

(*i*) नीरजा माधव का परिचय दीजिये।

(*ii*) प्रदीप सौरभ के साहित्य पर प्रकाश डालिये।

(*iii*) पद्मा सचदेव के साहित्य की विशेषताएँ लिखिये।

(*iv*) निर्मला भुराडीया का जीवन प्रस्तुत कीजिये।

696BD7FFAEACFB8579E69A46985B38AA

5. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिये : 5

(*i*) नीरजा माधव का जन्म कब हुआ ?

(*ii*) 'मुन्नी मोबाइल' के रचनाकार कौन हैं ?

(*iii*) पद्‌मा सचदेव के पिता का नाम क्या है ?

(*iv*) महेंद्र भीष्म किस विमर्श के लेखक हैं ?

(*v*) निर्मला भुराडीया का जन्म किस प्रदेश में हुआ ?

(आ) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये : 5

(*i*) 'तीसरी ताली' के रचनाकार .... हैं।

(*ii*) पद्‌मा सचदेव का जन्म .... इ.स. में हुआ।

(*iii*) 'यमदीप' के रचनाकार का नाम .... है।

(*iv*) महेंद्र भीष्म का जन्म .... प्रदेश में हुआ।

(*v*) 'फूल न फूल की पांखडी' के रचनाकार .... हैं।

696BD7FFAEACFB8579E69A46985B38AA